# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज॰) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022


क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2025 / दिनांक :

## कार्यालय आदेश

सत्र 2025–26 के लिए कर्मकाण्ड–पौरोहित्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन बाबत् नवीन अस्थायी सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(क) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु दिनांक 18.09.2025 को आयोजित निरीक्षण बोर्ड एवं सम्बद्धता समिति की संयुक्त बैठक की अनुशंषा उपरान्त कार्यपरिषद् की स्वीकार्यता की शर्त पर निम्नलिखित महाविद्यालयों / संस्थाओं को सत्र 2025–26 की नवीन अस्थायी सम्बद्धता प्रदान की जाती है:–

1. संस्था के अध्यक्ष / सचिव द्वारा रु. 500 / – के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉप पेपर (नोटराइज) पर पत्र जारी होने के 15 दिवस के अन्दर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जावें जिसमें संबंधित संस्था / महाविद्यालय निम्नानुसार शर्तो की पूर्ति कर समस्त दस्तावेज विश्वविद्यालय में दिसम्बर 2025 तक जमा करवायेंगे:–
   - (i) छात्रों की ऑनलाईन / ऑफलाईन कक्षाओं का विवरण मय छात्र संख्या / शिक्षकवार सत्यापित विवरण संलग्न कर उपलब्ध करवा दिया जावेगा।
   - (ii) कार्यरत शिक्षकों को UGC / विश्वविद्यालय / राज्य सरकार के नियमानुसार वेतनमान दिया जायेगा।
   - (iii) राज्य सरकार, राजभवन सचिवालय एवं विश्वविद्यालय के नियमों एवं समय–समय पर प्रसारित निर्देशों को पूर्णतया मानने हेतु प्रतिबद्ध है।
   - (iv) महाविद्यालय / संस्था की वेबसाईट पर सभी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है एवं उसको प्रतिदिन अपडेट करेंगे।
   - (v) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर चाही गई वांछित सूचना हेतु पत्र इत्यादि विश्वविद्यालय वेबसाईट के माध्यम से देखकर निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध करवा दी जावेगी।
   - (vi) संस्था / महाविद्यालय में नियमानुसार प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय में संबंधित 1000 पुस्तकें उपलब्ध है।
2. नियमानुसार एण्डोमेन्ट फण्ड रु. 1.25 लाख की संयुक्त FDR जो कि कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर एवं संबंधित संस्था / महाविद्यालय के सचिव / अध्यक्ष के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी की हुई हो, एण्डोरमेन्ट फण्ड की मूल FDR आदेश जारी होने से 15 दिवस में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करानी होगी।

| S.No | College_Name | Seats |
|---|---|---|
| 1. | PRACHYA VIDYA PEETH, SHAHPURA BAGH, JAIPUR | 40 |
| 2. | MOHARI DEVI MADHAV P.G. COLLEGE, RANOLI, SIKAR | 40 |
| 3. | SHRI RISHIKUL BHARMCHARYASHARM ACHARYA SANSKRIT COLLEGE, LAXMANGARH | 40 |

कुलसचिव

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज॰) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022


क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2025 / 3722-28 दिनांक : 27/10/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. निजी सहायक, कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर
3. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
4. 'सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
5. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
6. संबंधित महाविद्यालय .........................
7. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव